तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 4 अगस्त 2025




रामाबंध तालाब शिव मंदिर में सामूहिक रुद्राभिषेक



## खबर संक्षेप

### आंबा में मनाया जा रहा विश्व स्तनपान सप्ताह

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य माताओं को स्तनपान के प्रति जागरूक करना और इसके पोषण व स्वास्थ्य लाभों की जानकारी देना है।
आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बताया जा रहा है कि जीवन के पहले छह महीने तक शिशु को केवल मां का दूध ही देना चाहिए, क्योंकि उसमें संपूर्ण पोषण तत्व होते हैं। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले में 7000 से अधिक शिशुवती महिलाएं पंजीकृत हैं, जिन्हें इस अभियान से जोड़ा जा रहा है।

### 15 तक करा सकते हैं मातृ वंदना के लिए पंजीयन

**रायगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में छूटी हुई पात्र महिलाओं को एक और अवसर प्रदान किया गया है। अब 15 अगस्त तक वे आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर पंजीकरण करा सकती हैं।
जिला कार्यक्रम अधिकारी एलआर कच्छप ने बताया कि पहली संतान के लिए 5000 रुपए की सहायता दो किस्तों में और दूसरी संतान यदि बालिका हो तो 6000 रुपए की सहायता एकमुश्त दी जाती है।
पंजीकरण हेतु पात्रता अंतिम मासिक धर्म की तिथि से 570 दिनों के भीतर आवेदन, गरीबी रेखा राशन कार्ड, आधार लिंक बैंक खाता, जाति प्रमाण पत्र इत्यादि अनिवार्य हैं।

### डिप्टी कलेक्टरों के प्रभार में किया गया फेरबदल

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने डिप्टी कलेक्टरों और भू-अभिलेख अधिकारियों के प्रभार में बड़ा फेरबदल किया है। डिप्टी कलेक्टर प्रवीण कुमार भगत को धरमजयगढ़ एसडीएम बनाया गया है, वहीं धनराज मरकाम को जिला कार्यालय में पदस्थ किया गया है। तहसीलदारों की हड़ताल के चलते छात्रों के आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र जारी करने का कार्य भू-अभिलेख अधिकारियों को सौंपा गया है। अधीक्षक प्रियंका राठिया को रायगढ़, पुसौर, खरसिया, आशा रानी खूंटे को घरघोड़ा-तमनार, दिव्या वैद्य को लैलूंगा-मुकडेगा और रूपलाल सिदार को धरमजयगढ़, छाल व कापू क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है।

## क्रूर और जघन्य अपराधों में शामिल नाबालिग समाज के लिए बन रहे अभिशाप

# भविष्य में कुछ कर गुजरने की ललक छोड़ अपराध के दलदल में फंसता जा रहा है नाबालिगों का बचपन..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिस उम्र में कंधे में बस्ता और हाथों में कलम होनी चाहिए, उस उम्र में बच्चे हाथों में हथियार लेकर अपराध की राह पर चलने लगे हैं। उनका बचपन अपराध के दलदल में फंसता जा रहा है। क्रूर और जघन्य अपराधों में शामिल नाबालिग समाज के लिए अभिशाप बनते जा रहे हैं। जिसे रोक पाने में पुलिस, अभिभावक, समाज, शिक्षण संस्थान, प्रशासन सभी नाकाम साबित हो रहे हैं।

अलग खबर

12 से 17 वर्ष के नाबालिग हत्या, बलात्कार, लूट, बलवा, ठगी, मारपीट जैसी वारदातों को बड़ी हो आसानी से पेशेवर मुजरिमों के तरह अंजाम दे रहे हैं, जोकि समाज के लिए काफी घातक साबित हो रहा है। कुछ साल में नाबालिगों द्वारा घटित कुछ घटनाओं ने जिला सहित पूरे प्रदेश तक अपनी छाप छोड़ी है। इन घटनाओं में मुख्यालय के अधिकारियों के भी कान खड़े कर दिए हैं। पुलिस के अधिकारी भी हैरान हैं कि आखिर पढ़ने-लिखने की उम्र में बच्चे अपराध की ओर क्यों जा रहे हैं। बच्चों को उनके अभिभावक भी छूट दे रखे हैं। उन्हें महंगी बाइक, मोबाइल, रखने की चाहत बढ़ गई है। घर पर जब उनकी जरूरतें पूरी नहीं होती तब वह अपराध के रास्ते को अपना रहे हैं। मोबाइल के माध्यम से इंटरनेट पर क्राइम करने का तरीका सीख रहे हैं।



### नशे की लत को पूरा करने बन रहे अपराधी

नाबालिगों द्वारा घटित अपराधों में नशे की अहम भूमिका है। गांजा, शराब, नशीली दवाओं का सेवन करने वाले बच्चे निडर होकर बड़ी-बड़ी वारदातों को अंजाम देने से भी नहीं चूक रहे हैं। क्योंकि इन्हें नशे की सामग्री आसानी से गली-मोहल्लों में मिल जाती है। नशे की लत को पूरा करने ही नाबालिग चोरी जैसी घटनाओं को भी अंजाम दे रहे हैं।

### नवयुवक भी क्राइम करने में नहीं हट रहे हैं पीछे

बात नाबालिग की ही नहीं है, नवयुवक जोकि अभी-अभी 18 साल पार कर व्यस्क हुए हैं वो भी किसी प्रकार की क्राइम करने में पीछे नहीं रहते। हाल ही में लैलूंगा के पूर्व विधायक चक्रधर सिंह सिदार के सबसे छोटे भाई व पंचायत सचिव जयपाल सिहं की मर्डर करने वाले आरोपी भी 19 से 20 साल के थे। सिर्फ 10 हजार रुपए एडवांस और एक लाख रुपए मिलने की लालच में उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। इस तरह नासमझी में नवयुवक भी बड़ी-बड़ी वारदातों को अंजाम देने से नहीं चूक रहे हैं।

### जवानी में कदम रखा नहीं कि पॉस्को एक्ट..

बच्चे जैसे-जैसे 16 साल की उम्र पार करते हैं वैसे-वैसे वो प्यार, मोहब्बत के चक्कर में पड़ने लग जाते हैं। फिल्मों और मोबाइल में देख और सीख कर वो लड़कियों को अपने प्यार के जाल में फंसा लेते हैं। इस तरह जवानी के पहले कदम में ही वो अपनी प्रेमिका से शारीरिक संबंध बना बैठते हैं। इसके बाद जब वो लड़कियों से दूरी बनाने लगते हैं तो मामला थाने तक पहुंचता है। ऐसी स्थिति में पुलिस को लड़के के खिलाफ दुष्कर्म सहित पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज करना पड़ता है। देखा जाए तो हर दूसरे पॉस्को एक्ट के मामले में नाबालिग बालक की आरोपी रहता है। इस तरह पॉस्को एक्ट के दायरे में आकर वो अपनी कैरियर बर्बाद कर लेते हैं, क्योंकि इस धारा में जमानत नहीं के बराबर मिलता है और सजा मिलना तो तय रहता है।

### एक्सपर्ट व्यू : डॉ. राजेश अजगल्ले, मनोचिकित्सक

#### माता-पिता को देना चाहिए ध्यान

बच्चे पौधे की तरह होते हैं, अगर बीच-बीच में काट-छांट न करें तो वो झाड़ी का रूप ले लेते हैं। गरीबी, आर्थिक तंगी, घरेलू कलह, माता-पिता के झगड़े इन सबसे भी बच्चों के दिमाग पर काफी प्रभाव पड़ता है। पढ़ाई छोड़ देने वाले बच्चे नशे के आदी हो जाते हैं। उनकी संगति कैसी है, वह क्या कर रहा है माता-पिता को अक्सर ध्यान देना चाहिए। माता-पिता का साथ नहीं मिलने से बच्चे गुमनामी की जिंदगी जीने लगते हैं और अपराध के दलदल में फंसते जा रहे हैं। ऐसे में पालकों को इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए कि कहीं उसके व्यवहार में कोई परिवर्तन तो नहीं आ रहा है। उनके बच्चे गलत राह में तो नहीं जा रहे हैं। जिला प्रशासन व सरकारी संस्थानों को भी ऐसे बच्चों का चिन्हांकित कर उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। ताकि बच्चे समाज का गौरव बने न कि समाज के लिए अभिशाप बन जाएं।

#### नाबालिगों के अपराधी बनने में ये भी हैं जिम्मेदार

नाबालिगों के लिए पहली जिम्मेदारी पालक की है। माता-पिता ध्यान नहीं दे पा रहे हैं कि बच्चा घर से कहां जाता है, उसकी संगति कैसी है। किस-किस लोगों से उसका मिलना-जुलना है, स्कूल जा रहा है या नहीं, समय पर घर आता है या नहीं इस ओर पालकों का ध्यान नहीं होने से बच्चे बिगड़ रहे हैं। पालक अपने काम में व्यस्त होने का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारियों से बच रहे हैं। इधर बाल कल्याण विभाग, पुलिस सहित अन्य सरकारी सस्थान भी ऐसे बच्चों को चिन्हित नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें सही राह में चलने के लिए प्रेरित करने काम भी नहीं हो रहा है। स्कूलों में भी अब वह एक्टिविटी नहीं कराई जाती जिससे बच्चों को संस्कार मिले। टीचर बच्चे के संपूर्ण विकास की ओर नहीं बल्कि सिर्फ कोर्स तक ही सीमित रह गए हैं। वे कमजोर बच्चे की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं और न ही उसकी परेशानी को समझ पाते हैं। तब वह बच्चा इधर-उधर दिमाग चलाने लगता है। समाज में सभी वर्ग के लोग हैं, लेकिन जहां बच्चों की बात आती है समाज भी इस ओर ध्यान नहीं देता है।

# भारतमाला परियोजना में लगे उपकरणों की चोरी करने वाले दो भाई गिरफ्तार

■ धरमजयगढ़ पुलिस ने आरोपियों से चोरी की बैटरियां, बेल्ट और नकदी किया बरामद



**रायगढ़।** भारतमाला रोड परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में लगी कंपनी के वाहनों से बैटरियां और अन्य उपकरण चुराने वाले दो सगे भाइयों को धरमजयगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी के सामान और बिक्री की नकदी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी वही हैं जो उक्त निर्माण कंपनी में पूर्व से कार्यरत थे और परियोजना स्थल की पूरी जानकारी होने का लाभ उठाकर वारदात को अंजाम दे रहे थे।

दरअसल प्रकरण में कंपनी कर्मचारी प्रदीप सिंह, निवासी सरसतपुर जिला प्रतापगढ़ उत्तरप्रदेश, वर्तमान पता प्रेमनगर कॉलोनी धरमजयगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मैसर्स दिलीप बिल्डकॉन भोपाल द्वारा सीमावर्ती उरगा (कोरबा) से पत्थलगांव जशपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण किया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम सिसरिंगा में निर्माण स्थल पर खड़ी मशीनों एक्सावेटर व डोजर से 30 जुलाई की रात आठ नग बैटरी, चार जीवो ग्रीन बेल्ट व दो सेंट्रिंग प्लेट चोरी कर ली गई थी। चोरी किए गए सामान की कुल कीमत 62000 रुपए बताई गई। शिकायत पर थाना धरमजयगढ़ में आरोपी कुलदीप दाहिया व अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। इसी दौरान संदेह के आधार पर कुलदीप दाहिया को हिरासत में लेकर सघन पूछताछ की गई। जिसमें उसने कबूल किया कि उसने अपने छोटे भाई प्रिंस दाहिया के साथ मिलकर कुल चोरी की घटन को अंजाम दिया है। आरोपी ने यह भी बताया कि छह बड़ी बैटरियां उसने 10000 रुपए में मेन रोड पर गुजरने वाले ट्रक चालकों को बेच दी। इस रकम में से 1000 रुपए अपने भाई प्रिंस को दिए और शेष 9000 रुपए खुद खर्च कर दिए।



### क्विज स्पर्धा में पुसौर विकासखण्ड अव्वल

**रायगढ़।** पीएमश्री शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता में पुसौर विकासखंड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में जिले के सातों विकासखंडों के प्रतिभागी शामिल हुए। पुसौर ने 40 अंक, धरमजयगढ़ ने 35 अंक और लैलूंगा ने 30 अंक अर्जित कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. केवी राव ने प्रश्न पूछे और विज्ञान में हो रहे नवीनतम शोधों पर नजर रखने की सलाह दी। प्रतियोगिता संचालन में विषय विशेषज्ञ राजेन्द्र कलैत (भौतिकी), पारसमणि साहू (रसायन), अनुपमा तिवारी (जीवविज्ञान), बी.एल. गुप्ता (गणित) शामिल रहे। कार्यक्रम में मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी, डीपीओ देवेंद्र वर्मा, एपीसी भुवनेश्वर पटेल आदि शामिल रहे।

# खरसिया में पांच चोरियों का खुलासा नाबालिग समेत छह चोर पकड़े गए

**रायगढ़।** खरसिया शहर में बीते दो महीनों से हो रही सिलसिलेवार चोरियों की गुत्थी आखिरकार पुलिस ने सुलझा ली है। वार्ड क्रमांक 17 ठाकुरदिया और आसपास के इलाकों में चोरी की पांच वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक नाबालिग समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 49,800 का चोरी गया सामान भी जब्त किया गया है, जिसमें गैस सिलेंडर, जेवर और नगदी शामिल हैं।

31 जुलाई को ठाकुरदिया निवासी चंद्रप्रकाश गबेल ने शिकायत दर्ज कराई कि वे दशगात्र कार्यक्रम में सक्ती गए थे, उसी दौरान उनके घर से सोने चांदी के गहने और नगदी 39,400 की चोरी हो गई। इस रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल और एसडीओपी प्रभात पटेल के निर्देशन में चौकी प्रभारी अमित तिवारी ने टीम के साथ कार्रवाई शुरू की। मुखबिर की सूचना पर ठाकुरदिया के अमन दास महंत, शिवा चौहान और योगेश सारथी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जहां उन्होंने गबेल के घर समेत चार अन्य चोरियों में संलिप्तता कबूल की।



■ सिलसिलेवार चोरियों का पर्दाफाश, 50 हजार से ज्यादा का माल बरामद

#### पांच चोरियों का खुलासा इस प्रकार

12 जून मुकेश वर्मा के घर से 2 सिलेंडर व 3,000 नगद अमन, शिवा, प्रदीप, 4 जुलाई रामपूजन कपारिया के घर से सिलेंडर व 3,500 नगद अमन, प्रदीप, योगेश, राहुल,8 जुलाई लक्ष्मीबाई वैष्णव के घर से सिलेंडर व 4,000 नगद अमन, प्रदीप, योगेश, शिवा, 18 जुलाई त्रिलोकी नाथ दुकान से 7,000 नगद और माल शिवा, योगेश, नाबालिग, 31 जुलाई चंद्रप्रकाश गबेल के घर से जेवर और 39,400 की चोरी शिवा, योगेश, अमन।

#### टीम की सजगता से टूटी चोरों की कमर

इस सफलता में चौकी प्रभारी अमित तिवारी के साथ एएसआई उदय सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज मरावी, महिला आरक्षक ममता मिंज, अनंत तिवारी, कीर्ति सिधार, साविल चंद्रा, डमरूधर पटेल, बृजमोहन नायक और भूपेंद्र राठौर की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरियों पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद जगी है, वहीं आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ा है।

# रायगढ़ की द फर्स्ट फिल्म को मिले दो नेशनल अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत सरकार द्वारा घोषित 71वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। रायगढ़ में इप्टा के सहयोग से निर्मित नॉन फीचर फ़िल्म द फर्स्ट फिल्म को सर्वश्रेष्ठ निर्देशन और सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन के लिए दो पुरस्कार मिले हैं।

फ़िल्म का निर्देशन एफटीआईआई पासआउट पीयूष ठाकुर ने किया हैए जबकि संगीत निर्देशन का पुरस्कार प्रानिल देसाई को मिला। वर्ष 2018 में रायगढ़ के भिखारीमाल गांव, गोपी टॉकीज़ और तत्कालीन सांसद बंगले जैसे स्थानीय स्थलों पर इस फ़िल्म की शूटिंग हुई थी। फ़िल्म में इप्टा रायगढ़ के अजय आठलेए ऊषा आठलेए शिबानी मुखर्जीए वासुदेव निषादए युवराज सिंह आज़ाद सहित कई स्थानीय कलाकारों ने अभिनय किया। निर्देशन प्रशस्ति में कहा गया कि निर्देशक ने सिनेमा के जादू और नारी सशक्तिकरण के सूक्ष्म पक्षों को कोमलता से व्यक्त किया है। वहींए संगीत प्रशस्ति में तबले और परंपरागत ध्वनियों के माध्यम से भावनाओं को चंचलता से उभारने की सराहना की गई। द फर्स्ट फिल्म पहले भी कई अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सवों में सराही जा चुकी है और अब दो राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने से छत्तीसगढ़ के कला और फ़िल्म जगत के लिए यह गौरव की बात है।




# खरीदी केन्द्र की खिड़की तोड़ हाथी चट कर गया धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ वन मंडल के बंगुरसिया में हाथी ने धान खरीदी केंद्र की खिड़की को तोड़कर अंदर रखे 4 बोरे धान को निकालकर खा लिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद विभागीय अमला नुकसान का आकलन करने में जुट गया है।

दरअसल शनिवार की रात को एक दंतैल हाथी जंगल से निकलकर बंगुरसिया बस्ती के करीब पहुंच गया। हाथी धान खरीदी केंद्र में घुस गया और यहां एक कमरे में खिड़की के पास धान रखा हुआ था। जिसे खाने के लिए उसने खिड़की को अपने सूंड से उखाड़ दिया। इसके बाद 4 बोरी धान को बाहर निकलकर उसने कुछ को खाया और बाकी फैला दिया। रात में इसकी जानकारी वन अमला और ग्रामीणों को लग चुकी थी। ऐसे में हाथी को भगाने के लिए ग्रामीणों ने हो-हल्ला किया। देर रात ही हाथी जंगल की ओर लौट गया। नुकसान का आकलन करने में वन अमला की टीम लगी हुई है।



## खरसिया में ओवरब्रिज का मुद्दा, भाजपा ने ली प्रेसवार्ता

# ओवरब्रिज की कल्पना हमने की थी, हम बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

भारतीय जनता पार्टी खरसिया मंडल द्वारा शनिवार को एक महत्वपूर्ण प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें खरसिया नगर की वर्षों पुरानी मांग रेलवे ओवर ब्रिज को लेकर बड़ा बयान सामने आया। प्रेस वार्ता में भाजपा नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि ओवर ब्रिज की परिकल्पना भाजपा सरकार ने की थी और अब भाजपा ही इसे पूरा करेगी।

प्रेस कांफ्रेंस में जिला पंचायत रायगढ़ की अध्यक्ष शिखा रविंद्र गबेल, नगर पालिका परिषद खरसिया अध्यक्ष कमल गर्ग, भाजपा नेता महेश साहू, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामकुमारी राठिया और नगर पालिका परिषद के पार्षदगण उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने संयुक्त रूप से बताया कि खरसिया नगर एवं आसपास के क्षेत्र की वर्षों से लंबित समस्या रेलवे फाटक पर लगने वाले जामए एंबुलेंस की रुकावट, स्कूल कॉलेज जाने वाले बच्चों व आमजन की परेशानी को ध्यान में रखते हुए भाजपा शासनकाल में 2016-17 में इस ओवर ब्रिज की परिकल्पना की गई थी। इसके लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2017 में सर्वेक्षण भी करवा लिया गया था। लेकिन 2018 में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद इस परियोजना पर केवल प्रशासनिक स्वीकृति ली गई, लेकिन 5 वर्षों तक किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पाया। भाजपा नेताओं ने कहा कि विकास कार्यों में कांग्रेस की सरकार असफल रही है, उनका ध्यान धरना, ज्ञापन और श्रेय की राजनीति में अधिक रहा, जबकि जनता की मूलभूत समस्याओं पर कोई ठोस पहल नहीं की गई। अब जब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार पुनः सत्ता में आई है, और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य विकास के नए पथ पर अग्रसर है, वहीं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में खरसिया ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। भाजपा नेताओं ने भरोसा जताया कि यह कार्य अब लंबित नहीं रहेगा और जनता को शीघ्र ही इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने दोहराया कि भारतीय जनता पार्टी ही वह दल है जिसने इस ओवर ब्रिज की नींव रखी, और अब भाजपा की सरकार ही इसका निर्माण कर इसे जनता को समर्पित करेगी। प्रेस कांफ्रेंस के अंत में भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति के तहत खरसिया क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।




अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI RAIGARH

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• FITTER 2 Year (10th Pass)

उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)

89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### बुचूराम को योजना के तहत मिला पक्का मकान

**जशपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में राज्य में जरूरतमंद परिवारों को पक्के घर मिल रहे हैं। इसी योजना के तहत बगीचा विकासखंड के ग्राम पंचायत पंडरापाठ निवासी बुचूराम को जनमन योजना का लाभ मिला है। बुचूराम पहले लकड़ी और पैरा से बनी झोपड़ी में रहता था। जहां बारिश, धूप और जीव-जन्तुओं से उन्हें कई परेशानियाँ होती थीं। वह मजदूरी कर अपने परिवार का गुजारा करता है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वे खुद से पक्का मकान नहीं बना सकता था। योजना के तहत उन्हें पक्का आवास मिला। अब उनके पास सुरक्षित और स्थायी घर है। बुचूराम बताते हैं कि आज उनके पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं भी हैं, जिससे उन्हें अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को योजना के माध्यम से पक्के मकान, स्वास्थ्य, राशन और अन्य जरूरी सुविधाएं दी जा रही हैं।

### सम्मान निधि योजना से उमेश को मिला संबल

**जशपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम सालहेकेराडीह निवासी उमेश नंदराम को भी हाल ही में योजना की 20वीं किस्त की राशि प्राप्त हुई है। नंदराम ने बताया कि वे विगत कई वर्षों से इस योजना का लाभार्थी हैं और प्रत्येक किस्त से उन्हें अपनी खेती किसानी में निरंतर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा, इस बार मिली किस्त की राशि का उपयोग मैं खाद-बीज की खरीद और खेत की मजदूरी देने में कर रहा हूँ। यह सहायता समय पर मिलती है जिससे कृषि कार्यों में व्यवधान नहीं आता। उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे खेती के लिए जरूरी संसाधन जुटाने में मदद मिलती है और आर्थिक संकट से राहत मिलती है।

### आवास निर्माण में लापरवाही पर दो सचिव निलंबित

**अम्बिकापुर।** प्रधान मंत्री आवास योजना कार्य में लापरवाही पर जिपं सीईओ ने दो पंचायत सचिव को निलंबित करने के साथ ही एक को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि कलेक्टर द्वारा पीएम आवास को लेकर जिपं सभाकक्ष में बैठक ली गई थी। इस बैठक में जनपद पंचायत अंबिकापुर के ग्राम पंचायत पंपापुर में पदस्थ सचिव शम्भूशंकर सिंह बैठक में अनाधिकृत रूप से बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे। ग्राम पंचायत में जनमन योजना अन्तर्गत 31 आवास स्वीकृत हैं, जिसमें से एक भी आवास पूर्ण नहीं है। इसी प्रकार जनपद पंचायत सीतापुर के ग्राम पंचायत गेरसा में पदस्थ सचिव मनबहाल राम अनाधिकृत रूप से बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे। ग्राम पंचायत में जनमन योजना अन्तर्गत 24 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से केवल 7 आवास पूर्ण है। इससे स्पष्ट होता है कि इन सचिवों के द्वारा शासन की महत्वकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में रूचि नहीं ली जा रही है, जो कि कार्य के प्रति लापरवाही को प्रदर्शित करता है। ऐसे में इस लापरवाही के लिए जिपं सीईओ विनय अग्रवाल ने पंचायत सचिव शम्भूशंकर सिंह व मनबहाल राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही बैठक में समीक्षा के दौरान लुंड्रा के ग्राम पंचायत रघुपुर के आवास प्रगति की समीक्षा के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत में 67 आवास स्वीकृत हैं जिसमें आज दिनांक तक एक भी आवास पूर्ण नहीं है। ग्राम पंचायत रघुपुर के सचिव श्याम कुमार गुप्ता द्वारा कार्य में रूचि नहीं लिए जाने पर उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

### वन विभाग की लापरवाही से हुई हाथी के हमले में मौतें

अंबिकापुर। हाथियों के हमले में लगातार हो रही मौतों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव ने बयान जारी किया है। उन्होंने बताया कि सीतापुर देवगढ़ के मोहरलाल की जान हाथियों ने नहीं बल्कि सरकार और वन विभाग की लापरवाही ने ली है।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर सख्त हुई जशपुर पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर जशपुर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर यातायात पुलिस जशपुर द्वारा निरंतर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, ताकि स्कूली बच्चों की आवाजाही से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

2 अगस्त को यातायात पुलिस द्वारा गिरांग चौक में स्कूली वाहनों पर केंद्रित विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ऐसे वाहनों को चिन्हित किया गया जो या तो निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठा रहे थे, तेज गति से वाहन चला रहे थे अथवा यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। अभियान के दौरान कुल 10 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई, जिससे 3000 रुपए जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के तहत की गई। इस अभियान में उप पुलिस अधीक्षक मंजुलता बाज, यातायात प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक सुनेश्वर पैंकरा, आरक्षक ओबेद मिंज, आरक्षक मनोहर लकड़ा तथा नगर सैनिक महादेव राम ड्यूटी पर उपस्थित रहे।

**गिरांग चौक में चला विशेष चेकिंग अभियान, 10 स्कूली वाहनों से वसूला गया जुर्माना**






**बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि:** एसएसपी शशि मोहन सिंह ने स्पष्ट किया कि जशपुर पुलिस बच्चों की सुरक्षा के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। स्कूली वाहनों की नियमित जांच की जाएगी, और यदि भविष्य में भी किसी वाहन में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाई जाती है तो कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### दी गई समझाइश

यातायात पुलिस ने केवल जुर्माना वसूलने तक ही सीमित न रहते हुए, सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति समझाइश भी दी। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं, तेज रफ्तार से वाहन संचालन न करें, निर्धारित संख्या से अधिक बच्चों का परिवहन न करें, वाहनों में रेडियम पट्टी, ब्रेक, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा और ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य रूप से अद्यतन रखें साथ ही यह भी कहा गया कि वाहन चालकों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराना चाहिए ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो।

## मंदिर तक पहुंचने ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाई वैकल्पिक व्यवस्था

# सतीघाट शिवधाम में श्रद्धालु करेंगे भस्म आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

सावन सोमवार पर शिवभक्ति का अनुपम दृश्य आज देखने को मिलेगा। सावन मास के अन्तिम सोमवार को सतीघाट शिव मंदिर धाम में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रातः 4 बजे से भगवान शिव की भस्म आरती की जाएगी जिसके बाद प्रातः 4:30 बजे से भक्तगणों को जलाभिषेक करने पट खोल दिए जाएंगे। जिसके बाद प्रातः 10 बजे से सतीघाट में विशाल भण्डारा का आयोजन जा रहा है।

■ दिन भर होंगे विविध आयोजन

दोपहर 12:30 से महारुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। शाम 4 बजे से सुन्दरकाण्ड पाठ का भव्य आयोजन होना है। वही संध्या 6 बजे से भोलेबाबा का श्रृंगार पं धीरज शर्मा शास्त्री द्वारा किया जाएगा 7 बजे से बाबा महाकाल का श्रृंगार दर्शन एवं ढोल-बाजे के साथ महाआरती साथ ही भगवान शिव की फूलों से होली आकर्षक आतिशबाजी भोलेबाबा की संगीतमय भजन-कीर्तन व महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित होने है। जिसे लेकर पहले से तैयारियां पूर्ण कर ली है। भक्तों के आवागमन को लेकर परेशानी हो रही है। हालांकि ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर वैकल्पिक मार्ग बनाए जा रहे है। गौरतलब है कि यह धार्मिक परंपरा कोतबा क्षेत्र में चलती आ रही है, जिसमें श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। गुप्तेश्वर महादेव धाम को लेकर लोगों की आस्था अत्यंत प्रगाढ़ है। स्थानीय कार्यकर्ताओं व स्वयंसेवकों का सहयोग भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है।




**पहुंचते है हजारों शिवभक्त:** सतीघाट शिवधाम में बस्ती व मंदिर के मार्ग के मध्य भैरवी नदी इन दिनों उफान पर है। जिसे हजारो श्रद्धालुओं को नदी पार कर के भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचते है। जिसके सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया है। नदी में पहले बच्चों के बहने से मौत भी हो चुकी है बावजूद शासन प्रशासन द्वारा कोई सुरक्षा व्यवस्था प्रदान नहीं की जाती है। मजबूरन ग्रामीण ही श्रमदान कर वैकल्पिक मार्ग बनाते है और कार्यक्रम को सम्पन्न कराते है।

### सुरक्षा व्यवस्था नहीं दुर्घटना का अंदेशा

बसंत गुप्ता ने बताया कि सतिघाट शिवधाम पहुंचने का मार्ग अत्यंत जर्जर है। आला विभागीय अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी सड़क मरम्मत का कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। बोलने के बावजूद सतिघाट स्टॉप डेम निर्माण एजेंसी द्वारा नहर मरम्मत के लिए खुदाई कर सड़क को बार बार छतिग्रस्त कर दिया जा रहा है। प्रशासन का शिवभक्तों के मार्ग की मरम्मत न करना दुर्भाग्यपूर्ण है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

### करवाया जाएगा

सतिघाट की सड़क के लियव जलसंसाधन विभाग को व्यवस्था बनाने कहा गया था। श्रद्धलुओं को परेशानी न हो इसके लिए जो भी संभव वैकल्पिक व्यवस्था हो करवाया जाएगा।

**-टीआर यादव**, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत कोतबा

## झांसा देकर करता रहा शारीरिक शोषण, कराया गर्भपात, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

फरसाबहार थाना क्षेत्र से एक शर्मनाक मामला सामने आया है, जहां सोशल मीडिया के ज़रिए जान-पहचान के बाद फरसाबहार क्षेत्रांतर्गत ग्राम निवासी आरोपी युवक तुलेश्वर राम ने युवती को शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक शोषण किया। युवती की शिकायत पर फरसाबहार पुलिस ने आरोपी तुलेश्वर राम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार मामले का खुलासा तब हुआ जब 19 वर्षीय पीड़िता, जो दिल्ली में रहकर काम करती थी, ने थाना फरसाबहार पहुंचकर तहरीर दी। उसने बताया कि वर्ष 2024 में उसकी जान-पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से थाना फरसाबहार क्षेत्रांतर्गत ग्राम निवासी तुलेश्वर राम (19 वर्ष) से हुई थी। धीरे-धीरे बातचीत बढ़ती गई और पहली बार दोनों 8 सितंबर 2024 को रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर मिले।



## फार्मेसी कराने के नाम पर 2.35 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** फार्मेसी कराने के नाम पर सवा दो लाख रुपए से अधिक की ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक वारदात के बाद लम्बे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर उसे अंबिकापुर से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि नगर के हेमंत मिश्रा के छोटे भाई समंत मिश्रा को फार्मेसी कराने के नाम पर वेद प्रकाश पाण्डेय उर्फ उमेश पांडेय ने 2 लाख 35 हजार रुपए अपने अकाउंट में वर्ष 2021-22 में लिया था और फार्मेसी में एडमिशन नहीं होने पर रुपए वापस लौटाने का वादा करते हुए एक चेक भी दिया था। इस दौरान जब फार्मेसी में एडमिशन के लिए समंत मिश्रा का नाम नहीं आया तो उसने अपने पैसे वापस मांगे। युवक पैसे लौटाने के लिए टाल मटोल करता रहा। वहीं वेद प्रकाश पाण्डेय द्वारा दिए गए चेक को बैंक में लगाने पर चेक बाउंस हो गया। ऐसे में वर्ष 2024 में हेमंत मिश्रा ने मामले की शिकायत की थी। पुलिस द्वारा मामले में भादवि की 420 के तहत अपराध दर्ज किया था। अपराध दर्ज होने के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 रिंग रोड स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय के कन्या छात्रावास की अधीक्षिका नेहा वर्मा ने आज सुबह दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी विद्यालय के अन्य स्टाफ को लगी तो तत्काल दरवाजा को धक्का देकर फांसी से उतारा गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एकलव्य आवासीय विद्यालय के कन्या छात्रावास की अधीक्षिका नेहा वर्मा आ. संजय कुमार (25 वर्ष) पटना बिहार की रहने वाली थी। वह पिछले वर्ष 27 जून को कन्या छात्रावास अधीक्षका के रूप में पदभार ग्रहण किया था। एकलव्य आवासीय विद्यालय के प्राचार्य राजू सिंह ने बताया कि नेहा व्यवहार कुशल एवं अपने कर्तव्य के प्रति कर्मठ कर्मचारी थी। कल रात तक उसने अपना ड्यूटी का निर्वहन किया आज सुबह 10.30 बजे के करीब विद्यालय के अन्य स्टाफ से मुझे आत्महत्या कर लेने की जानकारी मिली जिसके बाद इसकी सूचना थाने में दी गई। विद्यालय के अन्य सहयोगी कर्मचारी ने बताया कि सुबह तक वह ठीक-ठाक लोगों से बात विचार कर रही थी। एकाएक घटना से सभी स्तब्ध हैं। नेहा द्वारा शासकीय क्वार्टर में आत्महत्या किया गया। रामानुजगंज क्षेत्र में बीते 45 दिनों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की यह पांचवीं घटना है।

## मुख्यमंत्री की पहल पर ग्राम जोरंडाझरिया के निमटोली में बिजली बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर फरसाबहार, ग्राम जोरंडाझरिया के निमटोली बस्ती में खराब ट्रांसफार्मर के कारण ठप पड़ी बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है। बिजली संकट झेल रहे ग्रामीणों को इससे बड़ी राहत मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है।

■ ग्रामीणों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

उल्लेखनीय है कि तहसील फरसाबहार, ग्राम जोरंडाझरिया के निमटोली बस्ती के ग्रामीणों ने कैंप कार्यालय में आवेदन कर बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली की आपूर्ति बाधित है। इससे उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में विषैले जीवों का खतरा भी बना रहता है। कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की, जिसके तहत विद्युत विभाग द्वारा निमटोली बस्ती में ट्रांसफार्मर बदल दिया गया। इससे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बगिया में स्थापित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में जनसमस्याओं का तत्परता के साथ समाधान किया जाता है। विशेषकर बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से संबंधित समस्याओं पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जा रही है।



## रक्षाबंधन के पूर्व राखी का बाजार सजकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

रक्षाबंधन का पर्व नजदीक आने के साथ ही शहर में राखी की दुकानें सजकर तैयार हो गई हैं। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर सजाने के लिए राखी खरीदने इन दुकानों में पहुंचने लगी हैं।

उल्लेखनीय है कि श्रावण माह पूरा होने की ओर है। 4 अगस्त को माह का अंतिम सोमवार है। इसके बाद 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। श्रावण महीने की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व भाई और बहन के पवित्र संबंधों की याद दिलाता है। श्रावण मास के अग्रसर होने के साथ ही प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाए जाने वाले पर्व को लेकर लोगों में उत्साह नजर आने लगा है। इसे लेकर शहर में राखी की दुकानें भी सजकर तैयार हो चुकी हैं। गौरतलब है कि पर्व के दौरान राखियों के लिए शहर में अस्थायी दुकानें लगाई जाती हैं। जशपुर रोड पर धर्मशाला से इंदिरा चैक तक करीब दर्जन भर अस्थायी दुकानें इस बार भी सजकर तैयार हैं। इन दुकानों में लटक रहीं रंग बिरंगी राखियां बच्चों के साथ ही बड़ों को भी आकर्षित कर रही हैं। एक दशक से भी यहां दुकान लगा रहे प्याणी राखी के संचालक निसामुद्दीन खान ने बताया कि पर्व के लिए इस बार फैंसी राखी, स्टोन राखी की बड़ी मांग है। वहीं पेयर राखी का चलन भी बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि आजकल बहनों में भाइयों के साथ ही भाभियों को भी राखी बांधने की परंपरा चल रही है। और इसलिए पेयर राखी की अच्छी खासी मांग होती है क्योंकि पेयर राखी में दोनों राखियां या तो एक ही डिजायन की होती हैं या फिर यदि डिजायन अलग हो तो भी उनमें रंगों का संयोजन एक समान होता है। जिससे एक साथ अपने भैया और भाभी को बांधी गई राखी अपनी छटा अलग ही बिखेरती दिखाई देती हैं। इसके साथ ही पारंपरिक राजस्थानी लुंबा और डोरी राखियां भी बिक रही हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों में कार्टून कैरेक्टरों का खासा क्रेज देखने को मिलता है। इसमें डोरेमॉन, छोटा भीम, मिक्की माउस, सिनचैन प्रमुख हैं। इसे ध्यान में रखते हुए इन सभी कार्टून कैरेक्टरों से सजी राखियां भी उन्होंने सजा रखी हैं। वहीं घड़ी और लाईट वाली राखियां भी दुकान की शोभा बढ़ा रही हैं। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण राखियों की बिक्री धीरे - धीरे बढ़ रही हैं। अभी वे महिलाएं एवं बालिकाएं राखी लेने पहुंच रही हैं जिनके भाई दूर रहते हैं और उन्हें अपनी राखी डाक के माध्यम से भिजवानी है। सावन के अंतिम सोमवार के साथ ही राखियों की बिक्री में तेजी से बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।



**ऑपरेशन मुस्कान : कुल 32 बच्चों को परिजन के सुपुर्द किया**

# पुलिस ने विभिन्न राज्यों से 7 गुमशुदा बच्चों को ढूंढ निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान ने एक माह के भीतर ही बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने जुलाई माह में गुमशुदा 32 बच्चों को तलाश कर उनके परिजनों को सकुशल लौटाया, जिनमें से 7 बच्चे देश के विभिन्न राज्यों गुजरात, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और ओडिशा से लाए गए हैं।

पुलिस के अनुसार थाना सिटी कोतवाली जशपुर, नारायणपुर और बगीचा क्षेत्र के मामलों में नाबालिग बच्चियों को शादी का झांसा देकर भगाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में यदुराज वर्मा (32 वर्ष), सोनू कुशवाहा (27 वर्ष), राजेश राम यादव (27 वर्ष) शामिल हैं।



### इंस्टाग्राम पर दोस्ती, फिर शोषण

बगीचा क्षेत्र की एक नाबालिग बच्ची, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 26 जून को दर्ज हुई थी। आरोपी यदुराज वर्मा के संपर्क में इंस्टाग्राम के जरिए आई थी। आरोपी उसे शादी का झांसा देकर छिंदवाड़ा (म.प्र.) ले गया और वहां उसका शारीरिक शोषण किया। पुलिस ने बच्ची को छिंदवाड़ा से दस्तयाब कर आरोपी के विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जेल भेज दिया। बगीचा थाने में दर्ज एक अन्य मामले में, 14 वर्षीय बालिका परिजनों से नाराज होकर महाराष्ट्र चली गई थी। वहां उसने अपनी उम्र छुपाकर एक कपड़े की फैक्ट्री में काम शुरू किया। पुलिस ने उसे जिला उदयवन से दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा।

### अहमदाबाद से बरामद

नारायणपुर क्षेत्र की 16 वर्षीय बालिका को आरोपी सोनू कुशवाहा शादी का झांसा देकर गुजरात ले गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पोक्सो एक्ट व बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। दोकड़ा क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की 2 जुलाई को काम की तलाश में घर से निकल गई थी। पुलिस को निर्मल छाया चिल्ड्रन होम, दिल्ली से सूचना मिली कि बच्ची उनके पास है। पुलिस ने दिल्ली जाकर दस्तयाब किया। सिटी कोतवाली क्षेत्र की 17 वर्षीय नाबालिग को आरोपी राजेश राम यादव हिमाचल प्रदेश के योल, कांगड़ा ले गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### 10 साल का बच्चा पहुंच गया ओडिशा

दुलदुला थाने में दर्ज गुमशुदगी के एक मामले में 10 वर्षीय बालक रिश्तेदारों से मिलने खुद ही बस में बैठकर सुंदरगढ़ (ओडिशा) पहुंच गया था। उसे बाल कल्याण समिति सुंदरगढ़ की सूचना पर दस्तयाब कर सकुशल परिजनों को सौंपा गया।

## 12 लाख के नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सरगुजा पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक युवक के पास से 12 सौ नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया है जिसकी कीमत 12 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने नशीला इंजेक्शन बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहे युवक को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा है कि 1 अगस्त को गांधीनगर पुलिस मनेन्द्रगढ़ रोड में पेट्रोलिंग पर निकली हुई थी। इस दौरान सेंट्रल स्कूल के सामने सड़क किनारे एक युवक सफेद प्लास्टिक बोरा और पिट्ठू बैग के साथ मौजूद था। युवक पुलिस को छोडकर प्लास्टिक बोरा छोड़कर भागने लगा। ऐसे में पुलिस ने जब दौड़ाकर युवक को पकड़ा तो उसकी पहचान जशपुर जिले के सन्ना कोपा निवासी 22 वर्षीय रोहित भगत आ. गोविन्द भगत के रूप में की गई। आरोपी शहर के गांधीनगर के सुभाष नगर में रहकर नशे का अवैध कारोबार करता है। पुलिस ने युवक के पास मौजूद प्लास्टिक बोरी से प्रतिबंधित नशीली इंजेक्शन 12 सौ बरामद किया गया। पुलिस ने जब्त किए गए प्रतिबंधित इंजेक्शन की कीमत 12 लाख रुपए आंकी है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ 22 सी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं इतनी बड़ी मात्रा में नशे का सामान सप्लाई करने वाले तस्कर की तलाश शुरू कर दी गई है।



## ‘सन ऑफ सरदार 2’ में रोहित शेट्टी को देख झूम उठे दर्शक

**मुंबई।** पिछले काफी समय से दर्शकों को अजय देवगन की फिल्म ‘सन ऑफ सरदार 2’ का इंतजार था। अब आखिरकार 1 अगस्त को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से बढ़िया प्रतिक्रिया मिल रही है, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करेगी। ‘सन ऑफ सरदार 2’ में लोकप्रिय निर्देशक रोहित शेट्टी ने कैमियो किया है, जिसकी पहले किसी को खबर नहीं थी। ‘सन ऑफ सरदार 2’ में रोहित को देखकर दर्शक खुशी से झूम उठे। फिल्म में उनका कुछ सेकंड का ही कैमियो है। कहा जा रहा है कि इसी के साथ रोहित और अजय ने फिल्म ‘गोलमाल’ की पांचवीं किस्त का आधिकारिक ऐलान कर दिया है।

लाइफ Style

# जाह्नवी



## ‘परम सुंदरी’ की नई रिलीज तारीख जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जल्द ही कई नई जोड़ियां फिल्मों में नजर आएंगी। इन्हीं में से एक है सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी, जो फिल्म ‘परम सुंदरी’ में दिखने वाली है। यह पहले बीती 25 जुलाई को रिलीज होने वाली थी।

अजय देवगन की फिल्म ‘सन ऑफ सरदार 2’ से बचने के लिए फिल्म को रिलीज टाल दी गई। हालांकि, ये नहीं बताया कि फिल्म पर्दे पर कब आएगी और अब इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान भी हो गया है। दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तने बनी यह फिल्म अब 29 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

प्रोडक्शन हाउस की ओर से सोशल मीडिया पर जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर के साथ-साथ इसकी रिलीज का ऐलान हुआ है। पोस्ट में लिखा है, ‘दिनेश विजान आपके लिए लेकर आ रहे हैं साल की सबसे बड़ी प्रेम कहानी ‘परम सुंदरी’। यह 29 अगस्त को सिनेमाघरों में आ रही है।’ ‘परम सुंदरी’ का टीजर मई में आया था। इसमें सिद्धार्थ को उत्तर भारत के लड़के परम और जान्हवी को साउथ की लड़की सुंदरी के रूप में दिखाया गया था। टीजर में सोनू निगम की आवाज में गाने की कुछ लाइनें भी सुनने को मिली थीं। इस टीजर को काफी पसंद किया गया था। इसके सामने आने के बाद फैंस फिल्म के लिए उत्साहित हो उठे थे। हालांकि, अभी इसके पर्दे पर आने के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा।

हॉलीवुड मसाला



## एक हफ्ते में सिमटी कमाई...

**लॉस एंजिल्स।** एक्शन, एडवेंचर से भरपूर हॉलीवुड फिल्म ‘द फैंटास्टिक फोर’ को भारत में शुरुआती दिनों में अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। लेकिन एक हफ्ता पूरा होते ही इस फिल्म की कमाई लाखों में सिमट कर रह गई है। जानिए, आज मार्वल स्टूडियोज की इस सुपरहिट फ्रैंचाइज फिल्म ने कितना कलेक्शन किया है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म ‘द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप’ ने 7वें दिन 46 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 26.35 करोड़ रुपये हो चुका है।



## छह साल बाद ‘ड्यून पार्ट 3’ के लिए बदला लुक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने छह साल बाद पहली बार अपनी दाढ़ी बनवाई है। उन्होंने यह सब अपनी आगामी फिल्म ‘ड्यून: पार्ट थ्री’ के लिए किया है। आगामी सीक्वल की शूटिंग शुरू होते ही जेसन अपने डंकन इडाहो के कैरेक्टर में वापस आ गए हैं। वीडियो में ड्यून के निर्देशक डेनिस को संबोधित करते हुए जेसन ने कहा, ‘सिर्फ तुम्हारे लिए डेनिस’। उन्होंने अपनी दाढ़ी पर क्लिपर लगाने के बाद अपनी हॉफ बियर्ड वाले चेहरे पर हाथ रखते हुए कहा कि हे भगवान, मुझे इससे नफरत है। फ्रैंक हर्बर्ट की किताबों में डंकन का किरदार एक क्लोन के रूप में वापस आता है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि फिल्म में भी डंकन का किरदार उसी तरह से वापस आएगा या किसी और तरीके से वापसी करेगा।



## हवाई अड्डे पर पैपराजी पर भड़कीं रिया


**मुंबई।** अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। रिया को हाल ही में मुंबई हवाई अड्डे पर देखा गया, जहां पैपराजी ने उन्हें घेर लिया और कुछ तस्वीरें खिंचवाने का आग्रह किया। इसके बाद रिया ने मुस्कुराते हुए तस्वीरें खिंचवाने के लिए पोज दिया। हालांकि, इस दौरान वह अच्छे मूड में नहीं थीं और वह तमाम पैपराजी पर भड़क गईं। रिया वीडियो में पैपराजी को डांटती नजर आ रही हैं। रिया ने पैपराजी से कहा, अब मेरे पीछे मत आओ। मैंने तस्वीरें दे दी हैं, बाय। इसके बाद वह तुरंत वहां से चली गईं। इस वीडियो पर प्रशंसक तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक ने लिखा, ‘कितना घमंड है।’ एक अन्य ने लिखा, ‘भाई तुम लोगों का इतना दिन खराब हो गया कि इसे भाव देते हो।’



## द राजा साब की रिलीज एक बार फिर टली

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास पिछले काफी समय से फिल्म ‘द राजा साब’ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी यह हॉरर कॉमेडी फिल्म पहले इस साल 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे 5 दिसंबर, 2025 के लिए टाल दिया गया। अब खबर आ रही है कि ‘द राजा साब’ के लिए दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल, निर्माताओं ने एक बार फिर फिल्म की रिलीज टाल दी है। ‘द राजा साब’ को अब अगले साल संक्रांति के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस लिहाज से यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को दर्शकों के बीच आएगी। अगर निर्माताओं ने ‘द राजा साब’ की रिलीज को टाला तो बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना रणवीर सिंह की ‘धुरंधर’ और शाहिद कपूर की ‘रोमियो’ से नहीं होगा।

टीवी मसाला



## ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3’ में पति राघव संग आएंगी परिणीति

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा के कॉमेडी शो ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ का तीसरा सीजन पहले दिन से ही दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहा है। इस शो के नए एपिसोड का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। अब ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3’ का नया प्रोमो वीडियो सामने आ गया है। शो में नए एपिसोड में अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अपने पति और आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा के साथ नजर आने वाली हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3’ के नए प्रोमो में परिणीति और राघव शो के होस्ट कपिल के साथ खूब मस्ती और बातचीत करते नजर आ रहे हैं। नेटफ्लिक्स ने प्रोमो साझा करते हुए लिखा, ‘हंसी की सेंसेशंस होगी हर बार, क्योंकि राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा आ रहे हैं इस फनीवार।’ ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3’ के इस एपिसोड को आप 2 अगस्त को रात 8 बजे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## ‘क्योंकि सास...’ के नए सीजन में पुराने कलाकारों की कमी दर्शकों को खली

एकता कपूर के सबसे लोकप्रिय धारावाहिकों में से एक ‘क्योंकि सास भी कभी बहू थी’ के दूसरे सीजन का शानदार आगाज हो गया है। इस शो के अब तक 2 एपिसोड टेलीकास्ट हो गए हैं, जिसे देखकर दर्शकों की पुरानी यादें ताजा हो गईं। करीब 25 साल बाद स्मृति ईरानी एक बार फिर तुलसी बनकर लौटी हैं। हालांकि, इस बार कुछ ऐसे कलाकार शो से गायब हैं, जो पहले सीजन का अहम हिस्सा थे ‘क्योंकि सास...’ के नए सीजन में सुधा शिवपुरी नहीं दिख रही हैं। पहले सीजन में उन्होंने बा का किरदार निभाया था। इस शो में बा विरानी परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला थीं, वह तुलसी का हमेशा साथ देती थीं। पहले सीजन में ही उनकी मौत को दिखाया गया था। शो में तुलसी की सास सविता का किरदार अपरा मेहता ने निभाया था। वह भी नए सीजन का हिस्सा नहीं हैं, क्योंकि पुराने सीजन में उनकी मौत को दिखाया गया था। ‘क्योंकि सास भी कभी बहू थी’ में तुलसी के बड़े बेटे गौतम का किरदार सुमित सचदेव ने निभाया था, लेकिन वह शो के नए सीजन में नजर नहीं आ रहे हैं।



## विजय की ‘किंगडम’ ने कमाई में पछाड़ा कुबेर और ठग लाइफ को

**मुंबई।** काफी समय से विजय देवरकोंडा फिल्म ‘किंगडम’ को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है, जिसका हिंदी नाम ‘साम्राज्य’ है। फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी विजय के एक्शन की जमकर तारीफ कर रहे हैं। ‘सैयारा’ के तूफान के बीच ‘किंगडम’ ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। आइए जानें फिल्म के खाते में पहले दिन कितने करोड़ रुपये आए।

***पहले दिन फिल्म ने छापे इतने नोट*** : बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, ‘किंगडम’ ने रिलीज के पहले दिन यानी गुरुवार को 15.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं और आधिकारिक आंकड़े सामने आने के बाद उनमें थोड़ा बहुत फेरबदल हो सकता है। वीकेंड पर फिल्म की कमाई में और उछाल देखने को मिल सकता है। ‘किंगडम’ ने धनुष की ‘कुबेर’ (14.75 करोड़) और कमल हासन की ‘ठग लाइफ’ (15.5 करोड़) के पहले दिन की कमाई को पीछे छोड़ दिया है।



### *‘किंगडम’ में नजर आ रहे ये कलाकार*

*‘किंगडम’ में विजय एक गुप्त मिशन पर निकले भारतीय जासूस ‘सूरी’ का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में उनका दमदार एक्शन देखने लायक है। ‘किंगडम’ के निर्देशन की कमान गौतम तिन्नानुरी ने संभाली है, जिन्हें शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर की फिल्म ‘जर्सी’ (2022) के लिए जाना जाता है। फिल्म की कहानी भी गौतम ने ही लिखी है। इस स्पाई थ्रिलर फिल्म में सत्यदेव और भाग्यश्री बोरसे जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं।*

## अजय देवगन की फिल्मों ने की जमकर कमाई, कई तो बुरी तरह पिटीं

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन साल 2012 में आई अपनी फिल्म ‘सन ऑफ सरदार’ का सीक्वल लेकर दर्शकों के बीच हाजिर हो गए हैं। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस कॉमेडी फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। आइए हम आपको अजय की सिनेमाघरों में आईं पिछली 5 फिल्मों और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन के बारे में बताते हैं।

**‘औरों में कहां दम था’**: शुरुआत करते हैं फिल्म ‘औरों में कहां दम था’ से, जिसका निर्देशन नीरज पांडे ने किया था। इसमें अजय की जोड़ी तब्बू के साथ बनी थी। जिमी शेरगिल और सई मांजरेकर ने भी इस फिल्म में अभिनय किया था। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। ‘औरों में कहां दम था’ ने दुनियाभर में केवल 15.75 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि फिल्म का बजट 100 करोड़ रुपये था। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

**‘सिंघम अगेन’** : इस फेहरिस्त में दूसरा नाम फिल्म ‘सिंघम अगेन’ है। इसमें अजय के




अलावा अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ भी नजर आए थे। लंबी-चौड़ी स्टार कास्ट वाली इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन कर पाई। 350 करोड़ रुपये की लागत में बनी ‘सिंघम अगेन’ ने दुनियाभर में 372.4 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।

**‘नाम’** : पिछले साल के अंत में अजय फिल्म ‘नाम’ लेकर आए थे। यह फिल्म अपने बनने के 10 साल बाद हुई थी। दरअसल, फिल्म की शूटिंग 2014 में पूरी हो गई थी, लेकिन निर्माता की मौत के चलते फिल्म 10 साल बाद रिलीज हुई। हालांकि, यह फिल्म कब आई और कब चली गई, किसी को पता भी नहीं चला। ‘नाम’ ने टिकट खिड़की पर सिर्फ 72 लाख रुपये कमाए थे। यह फिल्म अब तक किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नहीं आई है।

**‘आजाद’**: अजय की फिल्म ‘आजाद’ को 17 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। खास बात यह है कि इस फिल्म से अजय के भांजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने बॉलीवुड मे कदम रखा था। अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी। 80 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में केवल 8 करोड़ रुपये कमाए थे। ‘आजाद’ ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**‘रेड 2’**: पिछली बार अजय फिल्म ‘रेड 2’ में नजर आए थे, जो 1 मई, 2025 को रिलीज हुई। इस फिल्म का दर्शकों ने जमकर मनोरंजन किया। इसमें वाणी कपूर और रितेश देशमुख ने भी अहम भूमिका निभाई थी।

### इमोशनल और इंटेंस सीन गहराई से छू रहे हैं दर्शकों को

## ‘धड़क 2’: तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की जोड़ी ने मचाया धमाल

### लोगों को पसंद आई तृप्ति-सिद्धांत की जोड़ी

‘धड़क 2’ महज एक प्रेम कहानी नहीं है, बल्कि यह पहचान, आत्म-सम्मान, सामाजिक संघर्ष और प्यार की कीमत जैसे गहरे और संवेदनशील विषयों को भी छूती है। तृप्ति और सिद्धांत की जोड़ी को दर्शकों से जबरदस्त सराहना मिल रही है। दोनों के बीच की केमिस्ट्री लोगों का दिल जीत रही है। इस रोमांटिक ड्रामा में तृप्ति ने विधि और सिद्धांत ने नीलेश की भूमिका निभाई है। फिल्म में उनके इमोशनल और इंटेंस सीन दर्शकों को गहराई से छू रहे हैं।

### हकीकत दिखाती है यह फिल्म

‘धड़क 2’ की कहानी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। एक यूजर ने लिखा, ‘कुछ कहानियां दिल को छूती हैं और कुछ दिमाग को, मगर ‘धड़क 2’ दोनों को छूती है। जातिवाद का मुद्दा शहरों में भी देखने को मिलता है। यह फिल्म ईमानदारी से यह हकीकत बताती है।’ एक यूजर फिल्म को 4 स्टार देते हुए लिखते हैं, ‘तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की जोड़ी बेहद शानदार है। यह बेहतरीन फिल्म है। जरूर देखें।’

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म ‘धड़क 2’ का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी इस फिल्म की कहानी और तृप्ति-सिद्धांत की अदाकारी की तारीफ कर रहे हैं।



### इस फिल्म की जान हैं तृप्ति

एक यूजर ने लिखा, ‘सामाजिक मुद्दों पर बनी एक फिल्म में 2 खूबियां होनी चाहिए यानी कहानी कहने में साहस और अभिनय में ईमानदारी। धड़क 2 में ये दोनों खूबियां कूट-कूट कर भरी हैं। सब कुछ जमता है। अभिनय, संवाद, भावनात्मक गहराई, प्रतिशोध के प्रति गुस्सा और संदेश।’ दूसरे लिखते हैं, ‘तृप्ति फिल्म में सिर्फ अभिनय ही नहीं कर रही हैं, बल्कि वे विधि का भी रूप धारण कर रही हैं। यह उनका अब तक का सबसे बेहतरीन काम है।’

### ‘धड़क 2’ के बारे में जानिए

इस फिल्म के निर्देशन की कमान शाजिया इकबाल ने संभाली है, वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। राहुल बडवेलकर ने इस फिल्म की कहानी शाजिया के साथ मिलकर लिखी है। सिद्धांत और तृप्ति के अलावा इस फिल्म में आशीष चौधरी, विपिन शर्मा, मंजिरी पुपला, दीक्षा जोशी, अशवंत लोधी, अमित जाट, प्रियांक तिवारी, मयंक खन्ना और आदित्य ठाकरे जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। बता दें कि ‘धड़क 2’ साल 2018 में आई फिल्म ‘धड़क’ का सीक्वल है।

## खबर संक्षेप



### सम्मान निधि की 20वीं किश्त किसानों के खातों में

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त की राशि प्रदान की, जिसमें रायगढ़ जिले के 87,576 किसानों को कुल 19.29 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर की गई। कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ में आयोजित लाइव कार्यक्रम में बीडीसी सदस्य श्रीमती शिवकुमारी साहू, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीएस राजपूत, उप संचालक अनिल वर्मा, डॉ. ए के सिंह सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। किसानों को प्राकृतिक खेती, नैनो यूरिया और मसाला खेती के लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हल्दी पौधे, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फलदार वृक्षों का निःशुल्क वितरण किया गया। कई किसानों ने मंच पर आकर इस योजना से मिली सहायता के अनुभव साझा किए।

### लायंस क्लब खरसिया सिटी का शपथ ग्रहण सम्पन्न

**खरसिया।** लायंस क्लब खरसिया सिटी का शपथ ग्रहण समारोह होटल हाउस ऑफ कामन में आयोजित हुआ। अध्यक्ष पद की शपथ लायन संजय अग्रवाल मेडिकल ने ली। शपथ अधिकारी पूर्व गवर्नर लायन प्रितपाल बाली ने छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ दिलाई। समारोह में पूर्व मल्टीप्ल काउंसिल वाइस चेयरमैन लायन राजकुमार अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। निवर्तमान अध्यक्ष लायन रामनारायण सोनी ने कार्यों की जानकारी दी। क्लब को लायन तिराहा निर्माण सहित सेवाकार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। दो नए सदस्य मनोज अग्रवाल मेडिकोज व मनोज कबूलपुरिया ने सदस्यता ली। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष स्व. दिलीप सिंह सलूजा की धर्मपत्नी ने अतिथियों को सम्मानित कर भावुक क्षण जोड़े। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हितेश गवेल ने किया व अंत में पत्रकारों का सम्मान व सहभोज हुआ।

### संस्कार के सुबोध का स्विटजरलैंड में चयन

**रायगढ़।** संस्कार पब्लिक स्कूल के सत्र 2024-25 के कक्षा 12वीं के छात्र सुबोध कुमार नायक पिता देवराज नायक का चयन स्विटजरलैंड के विलार्स सुर ओलोन स्थान के संस्था विलार्स इन्सटीट्यूट द्वारा किया गया है। संस्कार पब्लिक स्कूल के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि सिस्टम लिडर्स की आने वाली पीढ़ी को वैश्विक चुनौतियों का सामना करने स्थाई समाधान विकसित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन विलार्स सुर ओलोन नामक शहर में 3 से 9 अगस्त 2025 तक के लिए आयोजित होगा। यह कार्यक्रम विलार्स इंटेसिव ईकोप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित होगा। जिसमें प्रतिभागी परिवर्तनकारी शिक्षा मार्गदर्शन और व्यवहारिक सहयोग में संलग्न होने के लिए एकत्रित होंगे। इसमें शामिल विषय हैं। अभिजात वर्ग मेंटरशिप, अत्याधुनिक प्रणालीगत सोच, निवेशिक पीच के अवसर, प्रकृति के गहन अनुभवों पर चर्चा। यह गहन कार्यक्रम सीखने के साथ साथ पुनर्योजी भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध युवाओं हेतु एक लॉंच पेड भी है।

### बदहाल सड़क से बढ़ रही लोगों में नाराजगी, कई बार कर चुके हैं आन्दोलन

# गौरव पथ निर्माण में देरी से नाराज युवा मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

चंद्रपुर नगर में लंबे समय से अधर में लटके गौरव पथ निर्माण कार्य को लेकर युवाओं का आक्रोश फूट पड़ा है। निर्माण कार्य में हो रही लगातार देरी और प्रशासन की अनदेखी के विरोध में नगर के युवाओं ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है।

युवाओं का कहना है कि गौरव पथ की घोषणा को काफी समय बीत चुका हैए लेकिन अब तक न तो काम पूरा हुआ है और न ही कोई स्पष्ट समयसीमा तय की गई है। इससे नगर की जनता को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय युवाओं ने कहा कि यदि प्रशासन ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाएए तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। हड़ताल की तैयारी को लेकर नगर के विभिन्न युवा संगठनों ने एकजुट होकर रणनीति बनाई है। आंदोलन में छात्र, व्यापारी और आम नागरिकों के समर्थन की भी उम्मीद जताई जा रही है। नगरवासियों ने भी युवाओं के इस कदम को समर्थन देते हुए प्रशासन से जल्द कार्य पूरा करने की मांग की है।



### प्रदर्शन, बंद और चेतावनी के बाद भी उदासीनता

बीते 6 जनवरी को नगरवासियों ने प्रशासन को 15 जनवरी तक सड़क निर्माण शुरू करने का अल्टीमेटम दिया था। चेतावनी दी गई थी कि यदि कार्य शुरू नहीं हुआ, तो 17 जनवरी को नगर बंद किया जाएगा। लेकिन कोई हल नहीं निकला। नतीजतनए 16 जनवरी की शाम हुई प्रशासनिक बैठक में भी ठेकेदार गैरहाजिर रहा और अधिकारियों ने गोलमोल जवाब दिए। इसके बाद 17 जनवरी को चंद्रपुर पूर्णतः बंद रहा। मंदिर परिसर, बस स्टैंड, गलियों की दुकानें स्वतः बंद रहीं। श्रद्धालुए यात्री और व्यापारी सब परेशान दिखे। बावजूद इसके, ठोस कार्रवाई न होते देख लोगों ने अगले कदम की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। अब फिर से एक बार नगरवासी आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं। युवाओं ने भी मोर्चा संभाल लिया है। मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा के साथ अब लोग चक्काजाम पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

### अब आर पार की लड़ाई

युवाओं ने चेतावनी दी है कि जब तक सड़कों की स्थिति नहीं सुधरती और गौरव पथ निर्माण का काम शुरू नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस बार की हड़ताल सिर्फ एक चेतावनी नहीं बल्कि आर पार की लड़ाई है। प्रशासन की चुप्पी और लापरवाही से नाराज चंद्रपुरवासी अब सड़कों पर उतरकर जवाब मांगने की तैयारी में हैं।

### ठेकेदार और प्रशासन की चुप्पी संकट की जड़

चंद्रपुर नगर में गौरव पथ निर्माण में हो रही भारी लापरवाही ने लोगों का धैर्य तोड़ दिया है। महानदी पुल से लेकर कोतरी नाला तक लगभग 12 करोड़ की लागत से बन रही इस सड़क का कार्य पिछले कई महीनों से बंद पड़ा है। अधूरे काम, उबड़ खाबड़ गड्ढे, और धूलभरी सड़कों ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। असल में इसका पूरा दारोमदार स्थानीय प्रशासन और ठेकेदार को माना जा रहा है। ठेकेदार कार्य में लापरवाही कर रहा है, जबकि प्रशासन ने आंख मूंद ली हैं। और इसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है।

### पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुई थी स्वीकृति

यह सड़क निर्माण पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुई थी, पर वर्तमान में कार्य पूरी तरह ठप है। ठेकेदार ने मनमाने तरीके से अधूरा और असंगठित निर्माण कार्य किया। कुछ जगहों पर गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है, जो अब दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं। वहीं, फ्लाई एश के अनियंत्रित परिवहन से फैक्ट्री की राख नगरवासियों की सेहत पर कहर बनकर गिर रही है। आलम ये है कि लोग घरों से निकलना नहीं चाहते।



# जुलाई में की गई 25 गुम नाबालिगों की रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जुलाई माह के दौरान गुमशुदा नाबालिगों की तलाश के लिए विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान चलाया गया, जिसमें उल्लेखनीय सफलता मिली है। अभियान के तहत रायगढ़ पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के अलावा प्रदेश से बाहर के जिलों से कुल 25 गुम नाबालिगों को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है।

दस्तयाब किए गए इन 25 नाबालिगों में से 6 बालिकाओं ने कथन में बताया कि उन्हें बहला-फुसलाकर भगाया गया था। इस पर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत विधिसंगत कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा गया है। शेष मामलों में नाबालिगों के बिना बताए घर छोड़कर चले जाने की पुष्टि हुई, जिनमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर उन्हें सकुशल बरामद किया और परिजनों को सौंपा। ऑपरेशन मुस्कान में रायगढ़ जिले के विभिन्न थाना-चौकियों की भूमिका उल्लेखनीय रही। सबसे अधिक थाना जूटमिल द्वारा 6 नाबालिगों को दस्तयाब किया गया। कोतरारोड़ थाना ने 4, पूंजीपथरा और कापू थाना ने 3-3, चक्रधरनगर थाना ने 2 तथा कोतवाली, पुसौर, तमनार, घरघोड़ा, भूपदेवपुर, खरसिया चौकी व रैरूमाखुर्द चौकी ने 1-1 नाबालिगों की सफल दस्तयाबी की। ज्ञात हो कि जून माह में भी रायगढ़ पुलिस ने ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत गुमशुदा व्यक्तियों की खोज में उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त किए थे।

# जिले के जंगलों में बाघ की धमक से दहशत, वन विभाग ने जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में बढ़ते जंगली हाथियों के बाद अब यहां के जंगलों में बाघ की धमक से लोगों में दहशत का माहौल है। धरमजयगढ़ वन मंडल द्वारा गांव वालों को अलर्ट करते हुए जिस जगह बाघ आने की सूचना मिली है आसपास के जंगलों में सर्चिंग की जा रही है।

दरअसल बाघ आने की आहट छाल के जंगलों से मिली है, जहां के ग्रामीणों ने बड़े पांव के निशान मिलने के बाद वन विभाग को सूचना दी थी। छाल के जंगलों में बाघ की धमक के बाद एक दर्जन से भी अधिक गांव में मुनादी करा कर ग्रामीणों को अलर्ट करते हुए कहा जा रहा है कि जंगलों की तरफ जाने से बचें। चूंकि हाथियों के बाद अब यहां बाघ आने की जानकारी मिली है। ज्ञात हो कि सप्ताहभर पहले



### 6 अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं

धरमजयगढ़ वन मंडल के डीएफओ जितेन्द्र कुमार उपाध्याय का कहना है कि बाघ के मूवमेंट पर लगातार निगरानी रखने के लिए 6 अलग-अलग टीमें बनाई गई है। हाल ही में इसकी पहली जानकारी छाल के जंगलों में मिले पदचिन्हों से हुई थी और अब लैलूंगा के जंगलों में भी इसके पैरों के निशान मिले हैं। जिसके कारण आसपास के गांव में मुनादी के जरिए गांव वालों को अलर्ट किया गया है।

### हाथी के बाद अब बाघ की दहशत

जिले के रायगढ़ व धरमजयगढ़ वन मंडल में पहले से ही कई दर्जन गांव में जंगली हाथियों की बढ़ती संख्या और उनके आतंक से लोगों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि हाथियों के चलते गांव के लोग पहले रतरगा करते थे और अब बाघ के आने से वे वन विभाग से सहयोग की उम्मीद करते हुए सुरक्षा के उपाय तलाश रहे हैं। इतना ही नहीं बाघ की दहशत के चलते ग्रामीण अपने मवेशियों जंगल भेजने से भी कतरा रहे हैं।

# रामाबंध तालाब शिव मंदिर में सामूहिक रुद्राभिषेक

**सरिया।** श्रावण मास की पुण्य तिथि पर नगर के प्राचीन और धार्मिक महत्व वाले रामा बंध तालाब शिव मंदिर परिसर में शनिवार को सामूहिक रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाकाल महिला समिति द्वारा किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु और भक्तजन उपस्थित हुए।

सावन माह में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व माना जाता है। भगवान शिव को प्रसन्न करने, नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति और सुख समृद्धि की प्राप्ति हेतु यह अनुष्ठान अत्यंत प्रभावकारी माना गया है। इसी आस्था को लेकर सुबह 10 बजे से रुद्राभिषेक प्रारंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर विधिपूर्वक जल, दूध, पंचामृत और बेलपत्र आदि से अभिषेक किया। मंदिर के पुजारी एवं ज्योतिषाचार्य निलेश भारती ने बताया कि रुद्राभिषेक मन, कर्म और आत्मा की शुद्धि के साथ-साथ ग्रह दोष निवारण और जीवन की बाधाओं को दूर करने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव का पंचामृत, भस्म, चंदन, जनेऊ, दीप-धूप, फल-मिष्ठान और पंचमेवा से पूजन किया गया। यह परंपरा बीते तीन वर्षों से सावन के



अंतिम सोमवार से पहले शनिवार को आयोजित की जा रही है, जिसमें हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। महाकाल महिला समिति की संयोजक एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार और पुजारी निलेश भारती ने जानकारी दी कि सावन के अंतिम सोमवार को नगर में कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया है, जो भगवान शिव मंदिर तक भ्रमण करेगी। इसी दिन रामा बंध तालाब परिसर में महाभंडारे का भी आयोजन होगा। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं से इस भक्ति पर्व में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। संपूर्ण आयोजन के दौरान पूरा वातावरण हर हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालु जल कलश और कांवड़ लिए भक्ति भाव में लीन नजर आए। महिला श्रद्धालुओं ने विशेष रूप से पार्थिव पूजन कर परिवार की सुख शांति और उन्नति की कामना की।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**रायगढ़।** जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की जांच के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने रायगढ़ विकासखंड का दौरा किया। कोयलंगा, जामगांव, लोइंग, महापल्ली और कोतरलिया गांवों में उन्होंने निर्माणाधीन भवनों एवं बुनियादी ढांचे का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित विभागों पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण किए जाएं।

**खास बात**

- कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता और समय-सीमा में पूर्णता के दिए निर्देश



### रेडी टू ईट यूनिट का निरीक्षण

कोतरलिया में रेडी टू ईट उत्पादन यूनिट का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने महिला समूहों से चर्चा की और उन्हें इस महत्त्वपूर्ण कार्य में आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण लेकर उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाएं ताकि आने वाले समय में इसे व्यवसाय का रूप दिया जा सके।

कोयलंगा में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अप्रोच रोड का काम जल्द पूरा कर पुल को आवागमन के लिए खोलने के निर्देश दिए। साथ ही सिंचाई विभाग द्वारा कोयलंगा डायवर्शन स्कीम के तहत नहर लाइनिंग और पुलिया सुधार कार्य की जानकारी ली। बताया गया कि 70 वर्ष पुरानी पुलिया में नई पाइप डाली जा रही है ताकि पानी की निकासी बेहतर हो। जामगांव में आंगनबाड़ी भवन की मरम्मत कार्य के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदार से कहा कि यह बच्चों के लिए है, अतः गुणवत्ता में कोई समझौता न हो। जुनाडीह में सामुदायिक भवन, महापल्ली में महतारी सदन (जहां लिंटर कार्य तक निर्माण हुआ है), लोइंग में आईटीआई भवन एवं पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया।

### स्मार्ट मीटर का भारी भरकम बिल दे रहा झटका

**बिर्रा ।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद भारी भरकम बिल से उपभोक्ताओं की नींद उड़ गई है। स्मार्ट मीटर का बिजली बिल उपभोक्ता को तगड़ा झटका दे रहा है। घरेलू बिजली कनेक्शन में तीस से पैंतीस हजार रूपए बिजली बिल आने से उपभोक्ता खासे परेशान हैं। सरकार ने बिजली की चोरी रोकने के मद्देनजर स्मार्ट मीटर लगाने की योजना बनाई है। घरेलू कनेक्शन के लिए स्मार्ट मीटर लगाने के लिए विशेष फोकस किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर लगाने का काम ग्रामीण क्षेत्र में तेजी से चल रहा है। इधर स्मार्ट मीटर लगते ही आ रहे भारी भरकम बिल से उपभोक्ताओं की नींद उड़ गई है। स्मार्ट मीटर लगने के एक माह बाद जब घरेलू कनेक्शन धारी का बिल आया तो उपभोक्ताओं को जोर का झटका लगा।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला राजस्थान से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नाबालिग बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पामगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर 9 माह पहले बालिका का अपहरण किया था। नाबालिग को राजस्थान ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर को नाबालिक बालिका के अपहरण की रिपोर्ट थाना पामगढ मे दर्ज कराई गई। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अपहत नाबालिक बालिका को आरोपी भुपेन्द्र कुमार द्वार सुल्तानपुर राजस्थान मे रखा गया है। सूचना पर टीम गठित कर राजस्थान रवाना किया गया, जहां से अपहता को आरोपी के कब्जे से सकुशल बरामद किया गया। आरोपी भुपेन्द्र पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि नाबालिक बालिका को शादी करने का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया था। आरोपी ने अपहरण और अनाचार करना स्वीकार किया। पामगढ़ पुलिस ने ग्राम धाराशिव निवासी 23 वर्षीय भुपेन्द्र कुमार पटेल को धारा 137 (2), 87, 64, 64 (2) (एम), 65 (1) बी.एन.एस. 04, 06 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया।

### एनएच में प्रस्तावित फोरलेन सड़क किनारे दशकों से बसे हैं कई परिवार

# सीमा से बाहर बायपास के रूप में सड़क बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सारंगढ़ बिलाईगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 130बी के अंतर्गत कुम्हारी से सारंगढ़ तक प्रस्तावित फोर लेन सड़क परियोजना को लेकर सरसीवा नगर पंचायत में जनविरोध तीव्र होता जा रहा है। प्रस्तावित मार्ग यदि नगर के मध्य से गुजारा गया। तो सैकड़ों परिवारों को विस्थापन और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

रायपुर बलौदाबाजार सारंगढ के लिए बनने वाला नेशनल हाइवे 130 बी फोरलेन सड़क होगा इसमें आने वाला जमीन को अधिग्रहण करने का प्रक्रिया शुरू होने वाला है भुअर्जन तथा अन्य कार्य मुआवजा घोटाला करने का मौका किसी को ना मिले इस कारण से अभी से सारंगढ अनुविभाग में 30 था बिलाईगढ़ अनुविभाग में 28 गावो में जमीन की, खरीदी बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है डीपीआर बनने के बाद सम्बन्धित खसरा नम्बर को छोड़कर शेष भूमि पर खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध को हटा दिया जाएगा किन्तु प्रतिबन्ध लगते ही अफवाह फैल गया कि फोरलेन सड़क सरसींवा से होकर गुजरेगा अब देखना है कि सरसींवा और भटगांव नगरीय क्षेत्र को लेकर फोरलेन सड़क का डीपीआर बनाने वाली कम्पनी क्या राय देती है। इसी आशंका के चलते स्थानीय नागरिकों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और वैकल्पिक बायपास मार्ग की मांग की। नागरिकों का कहना है कि प्रस्तावित सड़क मार्ग नगर के अत्यंत व्यस्त और घनी आबादी वाले हिस्से से होकर गुजरता है। जहां दोनों ओर लगभग 150 आवासीय मकान और 150 से अधिक व्यवसायिक प्रतिष्ठान दशकों से स्थापित हैं। यदि सड़क इसी मार्ग से निर्मित होती है। तो न केवल लोगों को अपने घरों और दुकानों से निष्कासित होना पड़ेगा। बल्कि, उनका संपूर्ण आजीविका तंत्र भी तहस नहस हो जाएगा।



व्यापारियों, रहवासियों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने एक स्वर में प्रशासन से अपील की है। कि सड़क का निर्माण नगर की सीमाओं के बाहर से बायपास के रूप में किया जाए। ताकि विकास के साथ साथ जनजीवन भी सुरक्षित रह सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं। परंतु जनविरोध की उपेक्षा करके लागू की गई कोई भी योजना दीर्घकालिक सामाजिक असंतोष को जन्म दे सकता है। स्थानीय लोगों ने यह आरोप भी लगाया कि परियोजना से पहले न तो कोई जनसुनवाई की गई न ही किसी प्रकार का सामाजिक या पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन किया गया है। इससे यह संदेह उत्पन्न होता है कि योजना को जल्दबाज़ी और एकतरफा तरीके से लागू किया जा रहा है।जो लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के विपरीत है। नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया। तो वे चरणबद्ध आंदोलनए नगर बंदए धरना और प्रदर्शन जैसे लोकतांत्रिक उपायों को अपनाने के लिए बाध्य होंगे। फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

